KRIBHCO
Cooperative and beyond...

# कृषक सारथी

Monthly Newsletter of
KRISHAK BHARATI COOPERATIVE LIMITED (KRIBHCO)

Issue 39 - March / मार्च - 2026




## Empowering India's Farmers: PM-KISAN 22nd Instalment Released







## 'Sahkar se Samriddhi': Manthan Meeting Strengthens India's Cooperative Movement

## Strengthening Cooperative Democracy: National Seminar on Transparency in Elections of Multi-State Cooperative Societies






## DIRECTOR'S MESSAGE



**Dear Readers,**

We are pleased to present the 39th edition of Krishak Saarathi, highlighting important developments in India's agriculture, fertilizer, and cooperative sectors. The initiatives featured in this edition reflect the Government of India's continued commitment to strengthening cooperatives, empowering farmers, promoting balanced fertilizer use, and advancing sustainable rural development in line with the vision of Viksit Bharat.

This edition highlights an important milestone in farmer welfare with the release of the 22nd installment of the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) by Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi. Through this installment, more than ₹18,640 crore has been transferred directly to over 9.32 crore farmer families across the country through Direct Benefit Transfer (DBT). Since the launch of the scheme in 2019, PM-KISAN has emerged as a major initiative providing direct income support to farmers, strengthening their financial security and contributing to the prosperity of rural India.

The Manthan Meeting chaired by Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah reaffirmed the growing role of cooperatives in building a developed India by 2047. The expansion of initiatives such as Bharat Taxi, strengthening of PACS, warehousing, dairy and other cooperative institutions, reflects the spirit of "Sahkar se Samriddhi" and inclusive growth. These initiatives highlight the Government's focus on empowering cooperative institutions so that they can play a significant role in strengthening rural livelihoods and contributing to the vision of Viksit Bharat.

The edition also features the National Seminar on "Transparency and Purity in Elections of Multi-State Cooperative Societies" organised in New Delhi by the Cooperative Election Authority under the Ministry of Cooperation. The seminar brought together key stakeholders from across the cooperative sector to deliberate on strengthening transparency, fairness and democratic governance in cooperative institutions. Such initiatives are helping strengthen democratic processes within cooperatives and enhance accountability and inclusiveness in cooperative management.

We are also proud to share that KRIBHCO's film "The Mark of Progress – United Farmers (Unnati Ki Pehchan – Ek Joot Kisan)" has received international recognition. The film has been declared Winner at the Independent Shorts Awards – International Film Festival 2026 (Los Angeles, USA) and has also been selected as an Official Selection at the Best Shorts Competition 2026 (USA), reflecting the inspiring story of cooperation and farmers' collective strength.

Together, these developments reaffirm a shared commitment to empowering farmers, strengthening cooperatives, and promoting balanced and sustainable growth. KRIBHCO remains steadfast in its commitment to supporting farmers and member societies across the country.

Manish Kumar

**Manish Kumar**
Director (Mktg.), KRIBHCO

## EDITOR'S MESSAGE



**Dear Readers,**

We are pleased to present this edition of Krishak Saarathi, highlighting KRIBHCO's continued commitment to strengthening agricultural outreach and cooperative engagement across the country. The Bhoomi Pujan ceremony for the construction of KRIBHCO's State Office at Naya Raipur marks an important step in expanding the organization's regional presence and enhancing coordination with farmers, cooperatives, and stakeholders in Chhattisgarh.

KRIBHCO's participation in the Pusa Krishi Vigyan Mela 2026 at IARI, New Delhi, also reflected the organization's dedication to promoting modern agricultural practices, balanced fertilizer use, and sustainable farming solutions. Through direct interaction with farmers and agricultural experts, KRIBHCO continued to share knowledge and practical guidance aimed at improving farm productivity and soil health.

The Business Plan Meeting 2026–27 held at Ooty for the Southern States of Andhra Pradesh, Telangana, Karnataka, and Tamil Nadu reviewed regional agricultural priorities and outlined strategic goals for the coming year. The meeting also recognized top performers from each state, reaffirming KRIBHCO's commitment to region-focused planning and cooperative-led agricultural development.

At KRIBHCO Bhawan, the celebration of Holi brought employees together in a vibrant and cheerful atmosphere. The special Hasya Kavi Sammelan added a cultural touch to the festivities, strengthening the spirit of camaraderie and unity within the KRIBHCO family.

Together, these initiatives reflect KRIBHCO's ongoing efforts to strengthen farmer engagement, promote sustainable agriculture, and nurture a collaborative and vibrant organizational culture.

**Gajendra Kumar**
DGM (Mktg. & PR), KRIBHCO



## EDITORIAL BOARD

**Sh. Manish Kumar, Director (Mktg.)**
Chairman
**Sh. Gajendra Kumar, DGM (Mktg. & PR)**
Chief Editor
**Dr. Tejinder Singh, Jt. GM (Mktg.)**
Member (FAS)

**Sh. Devisht Agarwal, DM (MS)**
Member IT and Technical
**Sh. Guruprasad Hiremath, DM (Mktg.)**
Editing, Design and Circulation

**Sh. Mohit, DM (Mktg.)**
Member-Industry updates
**Sh. Manoj Reddy, AM (Mktg.)**
Member-Cooperative

# Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi Releases 22nd Instalment of PM-KISAN



Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi released the 22nd instalment of the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) scheme on 13 March 2026 from Guwahati, Assam. Under this instalment, more than ₹18,640 crore has been transferred directly to the bank accounts of over 9.32 crore farmer families across the country through Direct Benefit Transfer (DBT).

Sharing these details, Hon'ble Union Minister for Agriculture & Farmers Welfare and Rural Development Shri Shivraj Singh Chouhan stated that the scheme reflects the Government's strong commitment to farmers' welfare under the leadership of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi. He described PM-KISAN as an important step towards ensuring "Annadata Samman."

The Minister informed that since the launch of the scheme in February 2019, more than ₹4.09 lakh crore has been directly transferred to the accounts of eligible farmers. With the release of the 22nd instalment, the total cumulative transfer will exceed ₹4.27 lakh crore, marking a significant milestone in providing direct income support to farmers.

Under PM-KISAN, every eligible farmer family receives ₹6,000 per year in three equal instalments, which are transferred directly into their bank accounts through DBT, ensuring transparency and eliminating intermediaries.


Highlighting the scheme's inclusive reach, Hon'ble Union Minister Shri Shivraj Singh Chouhan said that over 2.15 crore women farmers will receive financial assistance under the 22nd instalment. He noted that the assistance helps farmers purchase essential agricultural inputs such as seeds, fertilizers and pesticides, while also supporting important household needs including education and healthcare.

The Minister also emphasized that PM-KISAN is a technology-driven and transparent scheme supported by India's Digital Public Infrastructure. For the convenience of farmers, the "Know Your Status (KYS)" module has been introduced on the PM-KISAN portal, allowing beneficiaries to check their payment status, eligibility, Aadhaar linking and e-KYC details in one place. A face-authentication-based mobile app has also been launched to enable farmers to complete their e-KYC from home.

In addition, the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare has launched "Kisan-eMitra," an AI-based voice chatbot, which provides 24×7 information related to PM-KISAN in 11 regional languages and is helping farmers resolve their queries quickly.

Hon'ble Union Minister Shri Shivraj Singh Chouhan reiterated that under the leadership of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi, the welfare of farmers remains at the centre of government policy. He highlighted that initiatives such as PM-KISAN, Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana, Soil Health Cards, expansion of Kisan Credit Cards and continuous increases in Minimum Support Price (MSP) are bringing positive changes in the lives of India's farmers.



Cooperative and beyond...

## Ministry of Cooperation News

# Manthan Meeting Strengthens Vision of 'Sahkar se Samriddhi'

Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah chaired a high-level Manthan Meeting in Gandhinagar, Gujarat, bringing together Cooperation Ministers from all States and Union Territories under the theme "Sahkar se Samriddhi." The meeting aimed to strengthen the role of cooperatives in achieving the vision of a fully developed India by 2047.

On the occasion, Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah inaugurated and laid the foundation stone of projects worth ₹265 crore related to ethanol production, energy initiatives, organic potash, warehouses and protein powder plants. He also visited an exhibition on cooperative initiatives and released a report highlighting best practices in cooperatives and the International Year of Cooperatives.

Hon'ble Ministers of State for Cooperation Shri Krishan Pal Gurjar and Shri Murlidhar Mohol, along with senior officials and dignitaries, were present at the event.

Addressing the gathering, Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah stated that under the leadership of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi, India is progressing rapidly across sectors and emerging as a pioneer in areas that will shape the global economy over the next twenty-five years. He emphasized that the Manthan Meeting was organised to strengthen the cooperative movement so that it contributes meaningfully to the goal of building a developed India by 2047.

He further noted that a truly developed nation cannot be defined merely by economic indicators. A developed India, he said, would be one where 1.4 billion citizens live with dignity, and cooperatives can play a vital role in achieving this vision.

Highlighting the importance of key sectors, Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah stated that agriculture, rural development and animal husbandry must be strengthened to ensure comprehensive national progress. He observed that over the past four years the Government has adopted a scientific approach to strengthening the cooperative sector, and encouraging results have already begun to emerge.

Emphasizing priority areas, he stressed the need to significantly expand food grain storage capacity in the country. According to him, storage capacity must increase nearly threefold in the coming years, with at least two-thirds of this expansion being undertaken by the cooperative sector. He added that the establishment of a universally accessible storage system across the country is possible only through cooperatives.

He suggested that institutions such as tehsil-level cooperative dairies, state marketing federations, district cooperative banks and district purchase-sale unions should actively participate in constructing large warehouses. Aligning procurement, storage and distribution systems regionally, he said, could help reduce transportation costs by 30–40 percent.

Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah also called upon States to revive closed sugar mills and explore diversification opportunities. He noted that successful experiments have shown that sugar mills can produce up to eleven different products, including fertilizers and gas. A national-level cooperative has been formed to facilitate such diversification, and the operational framework for this initiative will be finalised soon.

Highlighting the concept of "Sahkarita mein Sahkar" (Cooperation Amongst Cooperatives), he urged all cooperative institutions to maintain their bank accounts with District Cooperative Banks. He also informed that cooperative banks could be made nodal agencies for implementing Central Government schemes, and State Governments should ensure that funds under schemes such as PM-Kisan and old-age pensions are routed through these banks.

The Union Minister also announced plans to establish cooperatives for retail workers, carpenters, plumbers and electricians, enabling them to receive fair remuneration and better working conditions. He expressed confidence that in the coming years more than 40 percent of the country's population will be associated with the cooperative sector.

Speaking about new initiatives, Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah stated that Bharat Taxi, a cooperative-based taxi service, will soon expand to every municipal corporation city across the country. More than three lakh drivers have already joined the platform, which aims to benefit both drivers and passengers. Krishak Bharati Cooperative Limited (KRIBHCO) is also a co-promoter of Bharat Taxi.

During the meeting, detailed presentations were made on the progress and future action plans of various cooperative initiatives. Discussions focused on establishing two lakh new multipurpose Primary Agricultural Credit Societies (PACS), dairy and fisheries cooperatives to accelerate the rural economy.

The meeting also emphasized the expansion of a nationwide network of modern warehouses under the world's largest grain storage scheme to ensure improved storage, price stability and better market access for farmers.

States were encouraged to actively participate in newly formed national cooperative institutions such as National Cooperative Exports Limited (NCEL), National Cooperative Organics Limited (NCOL) and Bharatiya Beej Sahkari Samiti Limited (BBSSL) to promote exports, organic farming and quality seed supply through cooperatives.

The discussions further covered reforms in State cooperative laws, adoption of the Model Cooperative Act in line with the 97th Constitutional Amendment, improving the financial viability of cooperative sugar mills, promoting circularity and sustainability in the dairy sector, and expanding dairy cooperative societies in collaboration with Amul and NDDB.

Other important topics included promoting pulses and maize production, addressing challenges faced by cooperative banks, strengthening Shared Service Entities (SSE) and umbrella structures, expanding membership and awareness campaigns, and developing an effective media and communication strategy for the cooperative movement.

The meeting also reviewed expectations from States regarding computerization of PACS and RCS offices, utilization of the National Cooperative Database, human resource development and training, and improved implementation of National Cooperative Development Corporation (NCDC) schemes.












# माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का 'भारत टैक्सी' के सारथियों से संवाद कार्यक्रम

नई दिल्ली में आयोजित 'भारत टैक्सी' के सारथियों से संवाद कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सारथियों (चालकों) से सीधे बातचीत करते हुए सहकारिता आधारित इस पहल के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल सिद्धांत यह है कि जो श्रम करता है, उसे ही मुनाफे में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। इसी विचार के साथ 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य चालक भाइयों–बहनों को केवल ड्राइवर नहीं बल्कि कंपनी के भागीदार और मालिक बनाना है। इस पहल में कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (KRIBHCO) भी एक सह–प्रवर्तक (Co & Promoter) के रूप में जुड़ा हुआ है।

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि 'भारत टैक्सी' केवल एक टैक्सी सेवा नहीं है, बल्कि यह पहल चालक भाइयों–बहनों को सम्मान के साथ 'सारथी' के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि 'सारथी' शब्द सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक बनेगा और समाज में उनकी भूमिका को नई पहचान देगा।

उन्होंने बताया कि आने वाले तीन वर्षों में देश के प्रत्येक नगर निगम (Municipal Corporation) में 'भारत टैक्सी' सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल के माध्यम से टैक्सी क्षेत्र में कार्यरत लाखों चालकों को सहकारिता के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बताया कि 'भारत टैक्सी' को देश की पाँच बड़ी सहकारी संस्थाओं (कृभको, इफको, जीसीएमएमएफ (अमूल), नाबार्ड तथा एनसीडीसी) के सहयोग से स्थापित किया गया है।

इस व्यवस्था में जो भी चालक इसमें भागीदार बनना चाहेगा, वह ₹500 का शेयर लेकर इसका सदस्य और मालिक बन सकेगा। उन्होंने कहा कि जब 'भारत टैक्सी' के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का गठन होगा, तो उसमें सारथियों के लिए भी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे वे स्वयं अपने हितों की रक्षा कर सकें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 'भारत टैक्सी' का उद्देश्य किसी निजी कंपनी की तरह अधिकतम लाभ कमाना नहीं है, बल्कि सारथियों को सशक्त बनाना है। चूँकि इसके शेयर और स्वामित्व स्वयं सारथियों के पास होंगे, इसलिए इसकी नीतियाँ भी सारथियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाएँगी। उन्होंने कहा कि यह पहल सारथियों की क्षमता का विकास करेगी, उनका शोषण नहीं।

राजस्व मॉडल के बारे में जानकारी देते हुए माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बताया कि कुल आय का 20 प्रतिशत 'भारत टैक्सी' के खाते में सारथियों की पूंजी के रूप में जमा होगा, जबकि शेष 80 प्रतिशत राशि टैक्सी द्वारा तय किए गए किलोमीटर के आधार पर सीधे सारथियों के खाते में जाएगी। प्रारंभिक तीन वर्षों में इस राशि का उपयोग 'भारत टैक्सी' के विस्तार में किया जाएगा और उसके बाद होने वाले लाभ का अधिकांश हिस्सा सारथियों को वापस मिलेगा।

उन्होंने कहा कि 'भारत टैक्सी' सहकारिता आंदोलन का एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत सारथियों की टैक्सी को मॉर्गेज कराकर सहकारी बैंकों के माध्यम से आसान ऋण और बीमा सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी।

पारदर्शिता को इस सेवा की प्रमुख विशेषता बताते हुए माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि सारथियों को नोटिफिकेशन के माध्यम से हर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे 'भारत टैक्सी' दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सेवाओं में से एक बन सकेगी। साथ ही वाहन की लागत, ईंधन की खपत और न्यूनतम लाभ को ध्यान में रखते हुए किलोमीटर के आधार पर एक न्यूनतम दर (बेस रेट) निर्धारित की जाएगी।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी 'भारत टैक्सी' एक महत्वपूर्ण पहल है। 'सारथी दीदी' सुविधा के माध्यम से महिला चालकों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा तथा महिला यात्रियों और सारथियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। भविष्य में 'भारत टैक्सी' ऐप में ऐसा प्रावधान किया जाएगा कि अकेली महिला यात्री 'सारथी दीदी' को प्राथमिकता दे सके।

सारथियों की समस्याओं के समाधान के लिए 'भारत टैक्सी' की वेबसाइट पर एक शिकायत विंडो भी उपलब्ध कराई जाएगी, जहाँ सारथी मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉग–इन कर अपनी समस्याएँ दर्ज कर सकेंगे। इन सुझावों के आधार पर नीतियों में आवश्यक सुधार किए जाएंगे।


अंत में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सारथियों से आह्वान किया कि वे स्वयं को केवल ड्राइवर न कहें, बल्कि गर्व के साथ 'सारथी' के रूप में अपनी पहचान बनाएँ। उन्होंने कहा कि समाज में सारथियों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी इस पहल का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

उन्होंने यह भी कहा कि टैक्सी क्षेत्र की मौजूदा समस्याओं का समाधान एक नई प्रणाली विकसित करने से ही संभव है। 'भारत टैक्सी' का लक्ष्य न केवल ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है, बल्कि सारथियों के कल्याण और सम्मान को भी सुनिश्चित करना है। इसके लिए सारथियों के साथ संवाद की प्रक्रिया ऑनलाइन, ऑफलाइन और कॉल सेंटर के माध्यम से निरंतर जारी रखी जाएगी।





# Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah Inaugurates Major Development Projects in Odisha



Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah inaugurated and laid the foundation stones for several key development initiatives in Bhubaneswar, Odisha, related to the National Dairy Development Board (NDDB), the Odisha State Cooperative Milk Producers' Federation (OMFED), and the Government of Odisha. On the occasion, he also inaugurated Sulphuric Acid Plant–III at Paradip and addressed a Cooperative Development Seminar.

Union Minister Shri Dharmendra Pradhan and Odisha Chief Minister Shri Mohan Charan Majhi, along with several dignitaries, were present at the event. Addressing the gathering, Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah described the occasion as an important milestone in Odisha's development journey, noting that projects worth over ₹3,770 crore were inaugurated or had their foundation stones laid in a single day.

These initiatives span multiple sectors and are expected to strengthen infrastructure, enhance institutional capacity, and accelerate economic growth in the state.

As part of the programme, the foundation stone for a campus of the National Forensic Sciences University (NFSU) in Odisha was laid, while a temporary campus was also inaugurated. The institute will offer around 30 specialised courses and provide educational opportunities to nearly 2,500 students, contributing to the development of skilled manpower in the field of forensic science.

Highlighting the importance of the cooperative sector in rural development, Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah stated that the Ministry of Cooperation and the Government of Odisha will jointly work towards creating a strong cooperative ecosystem in every village of the state, inspired by the successful Amul model. Expanding dairy cooperatives, he said, will strengthen rural livelihoods and create new opportunities for farmers and rural communities, particularly women.

During the event, Sulphuric Acid Plant–III at IFFCO's Paradip unit was also inaugurated, which is expected to strengthen domestic production capacity for sulphuric acid, an important input for fertiliser and chemical industries.

Speaking about India's broader development trajectory, Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah noted that the Government of India has signed multiple Free Trade Agreements (FTAs) in recent years, strengthening global economic engagement and boosting trade opportunities. He also highlighted that India continues to be among the fastest-growing major economies in the world, reflecting the country's strong growth momentum.

Concluding his address, Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah reiterated that the Government of India and the Government of Odisha will continue working together to promote development through the cooperative model, benefiting farmers, rural communities, and particularly women across the state.





# बहु–राज्यीय सहकारी समितियों के चुनावों में पारदर्शिता एवं शुचिता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत सहकारी चुनाव प्राधिकरण (CEA) द्वारा "बहु–राज्यीय सहकारी समितियों के चुनावों में पारदर्शिता एवं शुचिता" विषय पर एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में देशभर की बहु–राज्यीय सहकारी समितियों के अध्यक्षों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, निदेशक मंडल के सदस्यों, रिटर्निंग अधिकारियों, जिला मजिस्ट्रेटों, राज्य सहकारी चुनाव प्राधिकरणों के प्रतिनिधियों, सहकारी क्षेत्र के विशेषज्ञों तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अनेक हितधारकों ने भाग लिया।

यह संगोष्ठी सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता, निष्पक्षता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है।

### "सहकार से समृद्धि" के विजन को मिल रही नई गति

इस अवसर पर अपने संबोधन में माननीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि यह संगोष्ठी सहकारी आंदोलन के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि पहली बार देशभर की बहु–राज्यीय सहकारी समितियों के प्रतिनिधि एक ही मंच पर एकत्र हुए हैं, ताकि सहकारी चुनावों में पारदर्शिता और शुचिता को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की जा सके।

उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" के विजन और माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत सरकार सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठा रही है। इन प्रयासों का उद्देश्य सहकारी संस्थाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और लोकतांत्रिक बनाना है, ताकि वे आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

### सहकारी चुनाव प्राधिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका

माननीय श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि मल्टी–स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज (संशोधन) अधिनियम, 2023 के माध्यम से सहकारी क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। इसी क्रम में एक स्वतंत्र सहकारी चुनाव प्राधिकरण (CEA) की स्थापना की गई, जिसे 11 मार्च 2024 को औपचारिक रूप से अधिसूचित किया गया।

इस प्राधिकरण को बहु–राज्यीय सहकारी समितियों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि अब तक प्राधिकरण द्वारा लगभग 240 चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जा चुके हैं, जबकि लगभग 70 चुनाव वर्तमान में प्रगति पर हैं। आगामी वित्तीय वर्ष में लगभग 130 और चुनाव आयोजित किए जाने की संभावना है, जिससे सहकारी संस्थाओं में लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

### महिलाओं एवं वंचित वर्गों की बढ़ती भागीदारी

संशोधित अधिनियम के अंतर्गत सहकारी संस्थाओं के निदेशक मंडल में महिलाओं के लिए दो सीटें तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए एक–एक सीट आरक्षित की गई हैं। इससे सहकारी संस्थाओं के प्रबंधन में समावेशिता और विविधता को बढ़ावा मिल रहा है।

अब तक कराए गए चुनावों में महिलाओं के लिए आरक्षित छह सीटें तथा अनुसूचित जातिध्जनजाति के लिए आरक्षित तेरह सीटें अभी रिक्त हैं, जिन्हें भरने के लिए सहकारिता मंत्रालय आवश्यक कदम उठा रहा है।



### सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में भी सुधार

माननीय श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अधिनियम, 2025 के माध्यम से बहु–राज्यीय सहकारी बैंकों सहित अन्य सहकारी बैंकों के निदेशक मंडलों के कार्यकाल को संविधान के अनुच्छेद 243ZJ के अनुरूप किया गया है। इसके साथ ही यह प्रावधान भी किया गया है कि सहकारी बैंक अपने लेखा परीक्षकों की नियुक्ति केंद्रीय रजिस्ट्रार द्वारा स्वीकृत पैनल से करेंगे, जिससे वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूत किया जा सकेगा।

इसके अतिरिक्त नए प्रावधान के अनुसार बहु–राज्यीय सहकारी बैंकों के निदेशक लगातार दस वर्षों से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकेंगे, जिससे नए और युवा नेतृत्व को आगे आने का अवसर मिलेगा।

### सहकारी लोकपाल व्यवस्था से सदस्यों को सुरक्षा

सहकारी समितियों के सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए मल्टी–स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज अधिनियम, 2002 में संशोधन के बाद सहकारी लोकपाल की नियुक्ति की गई है। 5 मार्च 2024 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से यह व्यवस्था लागू की गई।

सहकारी लोकपाल सदस्यों द्वारा दायर शिकायतों की जांच करता है और सहकारी सूचना अधिकारियों के आदेशों के विरुद्ध अपीलों पर भी निर्णय देता है। अब तक 38 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में शिकायतों का समाधान किया जा चुका है।




### चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की आवश्यकता

इस अवसर पर माननीय सहकारी चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्राधिकरण अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस दौरान देशभर में सहकारी संस्थाओं के चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न कराकर महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाएं लोकतांत्रिक सदस्य नियंत्रण के सिद्धांत पर आधारित होती हैं, इसलिए चुनाव प्रक्रिया का पारदर्शी, सहभागी और विश्वसनीय होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि सहकारी समितियों के उपनियमों में स्पष्टता होना जरूरी है, ताकि मतदान अधिकार, सक्रिय सदस्यता और चुनाव लड़ने की पात्रता जैसे विषयों पर किसी प्रकार का विवाद न हो।

### तकनीकी सत्रों में हुई सार्थक चर्चा

संगोष्ठी के दौरान दो तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया। इन सत्रों के विषय थे –

- "चुनावों के माध्यम से पारदर्शिता को बढ़ावा देना"
- "चुनावी प्रक्रियाओं में शुचिता और निष्पक्षता को सुदृढ़ करना"

इन सत्रों में सहकारी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की तथा सहकारी चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा की।



### सहकारी आंदोलन को नई दिशा

संगोष्ठी का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि सहकारी चुनावों में पारदर्शिता, निष्पक्षता और व्यापक सदस्य भागीदारी को और सुदृढ़ किया जाएगा। यह पहल सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने के साथ–साथ देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में सहकारिता की भूमिका को और सशक्त बनाएगी।

"सहकार से समृद्धि" के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते हुए सहकारी संस्थाएं निश्चित रूप से विकसित भारत 2047 के निर्माण में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरेंगी।

## Ministry of Chemicals and Fertilizers News -

# उर्वरक क्षेत्र से जुड़े 16 लाख से अधिक किसानों ने प्रधानमंत्री के बजट–पश्चात वेबिनार में लिया भाग

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने "कृषि और ग्रामीण परिवर्तन" विषय पर आयोजित बजट–पश्चात वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस वेबिनार में देशभर से बड़ी संख्या में किसान तथा उर्वरक क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके साथ ही देशभर में संचालित कृभको के राज्य कार्यालयों तथा कृषक भारती सेवा केंद्रों के कर्मचारियों और सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक इस वेबिनार में भागीदारी की।

उर्वरक विभाग के अनुसार, लगभग 16 लाख प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भागीदारी की, जिनमें करीब 12 लाख पुरुष किसान और 4 लाख महिला किसान शामिल थे। इन किसानों ने प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (PM-KSKs) के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव देखा और सुना।

यह डिजिटल संवाद देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुँचा, जिसमें मुख्य रूप से किसान समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इसके साथ ही देश की 23 उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इनमें सहकारी क्षेत्र की प्रमुख संस्थाएँ KRIBHCO और IFFCO, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियाँ जैसे NFL और RCF, तथा निजी क्षेत्र की कंपनियाँ शामिल थीं।

अपने संबोधन में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हाल में प्रस्तुत केंद्रीय बजट कृषि और ग्रामीण परिवर्तन के लिए एक नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने दोहराया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र में किए गए निवेश, आधुनिक तकनीक के उपयोग और बेहतर अवसंरचना के विकास से उत्पादन में वृद्धि के साथ–साथ किसानों के लिए नए अवसर भी सृजित हुए हैं।

वैश्विक उपभोग के बदलते रुझानों का उल्लेख करते हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण दुनिया भर में जैविक और रसायन–मुक्त खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने इसे भारतीय किसानों के लिए वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

कार्यक्रम के समापन पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि इस वेबिनार के दौरान प्राप्त सुझाव और विचार भारत के कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



# गोबर्धन एवं सीबीजी संयंत्रों से उत्पादित जैविक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए एमडीए योजनाः केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री माननीय श्री जगत प्रकाश नड्डा

केंद्र सरकार देश में जैविक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने और टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न पहलें कर रही है। इसी क्रम में गोबर्धन (GOBARdhan) और संपीडित बायोगैस (CBG) संयंत्रों से उत्पादित जैविक उर्वरकों के प्रसार हेतु बाजार विकास सहायता (एमडीए) योजना लागू की गई है।




केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री माननीय श्री जगत प्रकाश नड्डा ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि इस योजना के तहत किण्वित जैविक खाद (FOM), तरल किण्वित जैविक खाद (LFOM) तथा फॉस्फेट युक्त जैविक खाद (PROM) के लिए ₹1500 प्रति मीट्रिक टन की दर से बाजार विकास सहायता प्रदान की जाती है। इस पहल का उद्देश्य जैविक उर्वरकों के उत्पादन, विपणन और उपयोग को बढ़ावा देना है, जिससे कृषि में संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन को प्रोत्साहन मिल सके।

### सीबीजी संयंत्रों का बढ़ता पंजीकरण

सरकार द्वारा बनाए गए एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली (iFMS) पोर्टल पर 4 मार्च 2026 तक 120 सीबीजी/बीजी संयंत्रों का पंजीकरण किया जा चुका है। इन संयंत्रों से उत्पादित जैविक उर्वरकों की बिक्री और वितरण को व्यवस्थित रूप से बढ़ाने के लिए उर्वरक विपणन कंपनियों (FMCs) को अपने–अपने क्षेत्रों में सीबीजी संचालकों के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

अब तक FOM, LFOM और PROM के विपणन के लिए 44 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं, जिससे इन जैविक उत्पादों की उपलब्धता किसानों तक अधिक व्यापक रूप से सुनिश्चित की जा सके।

### किसानों तक पहुँच बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान

जैविक उर्वरकों के प्रति किसानों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उर्वरक विभाग ने उर्वरक विपणन कंपनियों को देशभर में किसान संपर्क कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके परिणामस्वरूप फरवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच 24 उर्वरक विपणन कंपनियों द्वारा 15,690 किसान संगोष्ठियों और शिविरों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में FOM, LFOM, PROM, PDM और सिटी कम्पोस्ट के उपयोग पर प्रदर्शन आयोजित किए गए। साथ ही किसानों को उर्वरकों की उचित मात्रा, फसल–विशिष्ट उपयोग की विधियाँ और जैविक इनपुट के लाभों के बारे में तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गई। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य संतुलित उर्वरक उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (INM), जैविक खेती को बढ़ावा देना तथा मृदा स्वास्थ्य में सुधार करना रहा।

### वैज्ञानिक अध्ययन और मूल्यांकन की पहल

चूंकि एमडीए योजना इस वर्ष समाप्त होने वाली है, इसलिए इसके प्रभाव का आकलन वर्तमान में नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, वैज्ञानिक मूल्यांकन और किसानों में जागरूकता बढ़ाने के लिए उर्वरक विभाग ने एफओएम और एलएफओएम पर प्रदर्शन एवं फील्ड अध्ययन के लिए 11.79 करोड़ रुपये की लागत वाली दो वर्षीय आईसीएआर परियोजना को भी मंजूरी दी है, जो 29 नवंबर 2024 से प्रभावी है।

### जैविक उर्वरकों की बिक्री में निरंतर वृद्धि

सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप FOM, LFOM और PROM की बिक्री में लगातार वृद्धि देखी गई है।

- वर्ष 2023–24 में कुल 56,058.62 मीट्रिक टन बिक्री दर्ज की गई।
- वर्ष 2024–25 में यह बढ़कर 3,36,291.30 मीट्रिक टन हो गई।
- वहीं वर्ष 2025–26 (28 फरवरी 2026 तक) यह आंकड़ा बढ़कर 16,72,683.20 मीट्रिक टन तक पहुँच गया।

अब तक इन जैविक उर्वरकों की कुल बिक्री 20,65,033.12 मीट्रिक टन दर्ज की गई है।

एमडीए के तहत जारी सहायता

एमडीए योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई है।

- वर्ष 2023–24 में कोई राशि जारी नहीं की गई।
- वर्ष 2024–25 में ₹28 करोड़ जारी किए गए।
- वर्ष 2025–26 (28 फरवरी 2026 तक) ₹83.72 करोड़ जारी किए गए।

इस प्रकार 28 फरवरी 2026 तक कुल ₹111.72 करोड़ की एमडीए सहायता जारी की जा चुकी है।

### सतत कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

सरकार की यह पहल न केवल जैविक उर्वरकों के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा दे रही है, बल्कि किसानों को संतुलित पोषण प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य सुधार और पर्यावरण–अनुकूल खेती की दिशा में प्रेरित भी कर रही है। आने वाले समय में ऐसी योजनाएँ देश में सतत और समृद्ध कृषि प्रणाली के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।

# पद्म पुरस्कार विजेता प्रगतिशील किसानों के साथ संतुलित उर्वरक उपयोग पर राष्ट्रीय संवाद

देश में मिट्टी की सेहत सुधारने और संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उर्वरक विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में एक महत्वपूर्ण विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विशेष संवाद में देश के विभिन्न हिस्सों से आए पद्म पुरस्कार विजेता प्रगतिशील किसान और कृषि विशेषज्ञ शामिल हुए और उन्होंने मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए अपने अनुभवों और सुझावों को साझा किया।




यह पहल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की "धरती मां को बचाओ" की अपील तथा माननीय केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में संतुलित एवं जिम्मेदार उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के अनुरूप है।

बैठक की अध्यक्षता उर्वरक विभाग के सचिव श्री रजत कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि किसानों तक सही और समय पर जानकारी पहुँचाना मिट्टी की सेहत की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों से प्राप्त सुझावों को पायलट परियोजनाओं के रूप में लागू कर संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि असंतुलित उर्वरक उपयोग के कारण समय के साथ मिट्टी की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिसे सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।



इस अवसर पर कई पद्म पुरस्कार विजेता किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने किसानों को टिकाऊ खेती के बारे में शिक्षित करने के लिए "जहर मुक्त खेती स्कूल" जैसे प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। पद्म पुरस्कार विजेता श्री राम शरण वर्मा ने फसल चक्र और विविधीकरण को अपनाने तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने हरित खाद को बढ़ावा देने और उर्वरक उपयोग से जुड़े भ्रमों को दूर करने की भी आवश्यकता बताई।

पद्म पुरस्कार विजेता श्री भारत भूषण त्यागी ने वैज्ञानिक फसल प्रबंधन और फसल विविधीकरण पर जोर देते हुए कहा कि गाँव स्तर पर कंपोस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने यह संदेश किसानों तक पहुँचाने की आवश्यकता बताई कि "फसल अवशेष समृद्धि की नींव हैं।"

इसी क्रम में श्री सेठ पाल सिंह ने कहा कि उर्वरकों की अत्यधिक बिक्री के दबाव को भी एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में समझने की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि कृषि भूमि के लिए उर्वरकों की वास्तविक आवश्यकता का वैज्ञानिक आकलन किया जाए और किसानों को उसके अनुसार संतुलित उपयोग के लिए मार्गदर्शन दिया जाए।



पद्म पुरस्कार विजेता श्री कंवल सिंह ने गौशालाओं को जैविक खाद उत्पादन केंद्रों के रूप में विकसित करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर आधारित मॉडल अपनाने का सुझाव दिया। वहीं पद्म श्री चंद्रशेखर सिंह ने जैविक उत्पादों की गुणवत्ता जांच और उपभोक्ताओं के लिए पारदर्शी जानकारी सुनिश्चित करने पर बल दिया।

पद्म पुरस्कार विजेता श्री नेक राम शर्मा ने आदर्श किसानों की पहचान कर उन्हें प्रेरक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कृषि पद्धतियाँ और विविध फसलें कृषि प्रणाली को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इसके अलावा श्री श्याम सुंदर पालीवाल ने प्राकृतिक खेती के तरीकों को बढ़ावा देने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर प्राकृतिक उर्वरक उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने का सुझाव दिया।

बैठक में प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि गांव स्तर पर खाद और उर्वरकों की स्थानीय उपलब्धता सुनिश्चित करना संतुलित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही, किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए सतत संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आवश्यक हैं।

बैठक का समापन इस निष्कर्ष के साथ हुआ कि मिट्टी की सेहत की सुरक्षा, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा तथा किसान जागरूकता अभियान देश में टिकाऊ कृषि को मजबूत करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उर्वरक विभाग ने आश्वासन दिया कि इस संवाद के दौरान प्राप्त सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा और उन्हें आगे की कार्ययोजना में शामिल किया जाएगा।

## Ministry of Agriculture and Farmer's Welfare News -

# Hon'ble Union Minister for Agriculture & Farmers' Welfare and Rural Development Shri Shivraj Singh Chouhan Launches AI-Based 'Bharat VISTAAR' Scheme

Hon'ble Union Minister for Agriculture & Farmers' Welfare and Rural Development Shri Shivraj Singh Chouhan launched the Artificial Intelligence-based 'Bharat VISTAAR' (Virtual Integrated System to Access Agricultural Resources) Scheme – Phase I in Jaipur, Rajasthan. The initiative aims to provide farmers with easy access to agricultural information and advisory services through advanced digital technology.

The launch programme was attended by Hon'ble Chief Minister of Rajasthan Shri Bhajanlal Sharma, along with farmers, agricultural experts and senior officials. During the event, the Minister also unveiled a farmer-centric AI Hackathon and the Agri Kosh AI Strategy Roadmap, highlighting the government's focus on integrating modern technology with agriculture.

Addressing the gathering, Hon'ble Union Minister for Agriculture & Farmers' Welfare and Rural Development Shri Shivraj Singh Chouhan said that the Government of India is committed to strengthening farmers' productivity and enhancing rural prosperity through the use of innovative technologies. He emphasised that Artificial Intelligence and digital platforms can significantly improve access to timely information and enable farmers to make better decisions in their farming activities.

The Department of Agriculture and Farmers' Welfare has introduced the 'Bharat VISTAAR' platform as an AI-enabled advisory system designed to provide farmers with real-time information related to agriculture. Through this system, farmers can use smartphones or basic mobile phones to ask questions and receive instant guidance on farming practices, weather conditions, government schemes and market prices.

Under the scheme, farmers can simply dial the helpline number 155261 to raise their queries and receive solutions. The platform will provide responses in the farmer's local language, making the service accessible even in remote areas. Initially available in Hindi and English, the service will soon be expanded to 11 Indian languages.

A significant feature of the initiative is the creation of a Farmer Identity Card (Farmer ID), which will store comprehensive data related to farmers and link them with various agricultural schemes. Currently, services such as the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana and the Soil Health Card Scheme are integrated into the platform. In the future, the system will gradually connect farmers with all major agriculture-related government programmes.

Hon'ble Chief Minister of Rajasthan Shri Bhajanlal Sharma, speaking on the occasion, said that achieving the vision of 'Viksit Bharat' by 2047 will require empowered and prosperous farmers. He noted that initiatives like 'Bharat VISTAAR' will help farmers adopt modern agricultural practices by providing timely information related to soil testing, seeds, fertilisers, irrigation and market trends.

Shri Devesh Chaturvedi, Secretary, Department of Agriculture and Farmers' Welfare, highlighted that the scheme aims to provide farmers with all essential agricultural information on a single digital platform. He added that expanding services in regional languages will further strengthen the reach of the platform.

Dr. M. L. Jat, Director General of the Indian Council of Agricultural Research (ICAR) described the initiative as a significant step towards integrating India's agricultural knowledge systems with modern digital infrastructure. He noted that the platform has been designed to be farmer-centric and technology-driven, ensuring that scientific knowledge and government services reach farmers efficiently.

The programme was attended by Shri Bhagirath Choudhary, Union Minister of State for Agriculture and Farmers' Welfare; Smt. Manju Sharma, Member of Parliament from Jaipur; Shri V. Srinivas, Chief Secretary of Rajasthan; and Smt. Manju Rajpal, Principal Secretary, Government of Rajasthan, along with several other dignitaries. Agriculture ministers from various states also joined the programme through video conferencing.

The 'Bharat VISTAAR' platform integrates resources from AgriStack, ICAR, the India Meteorological Department (IMD), mandi price systems and various agricultural schemes, creating a unified digital ecosystem for farmers. By providing access to information on crop advisory, market prices, credit, insurance and government schemes, the initiative aims to enhance agricultural productivity while reducing risks for farmers.





# Hon’ble Union Minister for Agriculture & Farmers’ Welfare and Rural Development Shri Shivraj Singh Chouhan Marks Five Years of ‘One Plant Per Day’ Resolution



Hon’ble Union Minister for Agriculture & Farmers’ Welfare and Rural Development Shri Shivraj Singh Chouhan marked the completion of five years of his ‘One Plant Per Day’ resolution during a special programme held at A.P. Shinde Hall, Pusa, New Delhi. The occasion highlighted efforts to transform this personal environmental commitment into a nationwide green movement encouraging greater public participation in tree plantation.

The programme was attended by Sadhvi Didi Maa Ritambhara, environmentalist Dr. Anil Joshi, Director General of ICAR Dr. M. L. Jat, Smt. Sadhana Singh, Senior Journalist Shri Ashutosh Jha, and several other dignitaries. The event commenced with a tree plantation drive on the Pusa campus, symbolising the importance of environmental conservation.

Addressing the gathering, Hon’ble Union Minister Shri Shivraj Singh Chouhan announced that all programmes organised by the Ministry of Agriculture, ICAR institutions, agricultural universities, Krishi Vigyan Kendras (KVKs), and the Department of Rural Development will now begin with tree plantation. He said this simple step could significantly expand the country’s tree plantation efforts and strengthen environmental awareness.

**From Personal Resolution to National Campaign**




Shri Chouhan shared that the idea behind this initiative evolved over the years through various environmental campaigns. Referring to the Narmada Seva Yatra in 2017, he noted that the plantation of more than six crore saplings in Madhya Pradesh helped transform environmental conservation into a large public movement.

Building on this spirit, the ‘Ankur Campaign’ was launched to encourage citizens to plant saplings, upload photographs on a digital platform, and pledge to nurture the plants. Through this initiative, nearly one crore saplings were planted with the participation of citizens from diverse sections of society. Over time, tree plantation has become a meaningful way for people to celebrate birthdays, anniversaries and other special occasions.

**A New Tradition: Plant a Tree Instead of Giving Mementos**

Highlighting the need for meaningful ways of expressing appreciation, Hon’ble Union Minister Shri Shivraj Singh Chouhan appealed to institutions and individuals to plant trees instead of presenting traditional mementos or shawls during welcome ceremonies. He suggested that those wishing to honour him could plant saplings and share photographs of the plantation, which he described as a more meaningful and lasting gesture.

**Tree Bank and ‘Ankur’ Platform**



The Minister also outlined a framework for expanding the campaign through initiatives such as a “Tree Bank” and digital platforms like ‘Ankur’. Under the Tree Bank concept, individuals or organisations could contribute funds for large-scale plantation activities. Dedicated institutions would then take responsibility for planting and nurturing saplings.

He further suggested creating a national digital platform where citizens could register to plant trees on special occasions such as birthdays, anniversaries, or commemorative dates. People living in cities could also sponsor plantation drives, receive updates about the saplings planted in their name, and track their growth.

**Encouraging Public Participation**

To widen participation, Shri Chouhan proposed introducing a missed-call system through which citizens could easily register their interest in joining tree plantation activities. Such participants could later be invited to collective plantation programmes, awareness drives, and training initiatives.

He emphasised that planting trees is not merely an environmental activity but a service to the entire ecosystem, as trees contribute to oxygen generation, biodiversity protection, rainfall cycles, and overall ecological balance.

**Five Years of Continuous Commitment**

The ‘One Plant Per Day’ resolution began on 19 February 2021, on the occasion of Narmada Jayanti at Amarkantak, when Shri Shivraj Singh Chouhan planted saplings on the banks of the Narmada River and pledged to plant at least one tree every day. Over the past five years, he has maintained this commitment consistently, planting more than 6,000 saplings despite a demanding public schedule.

In his concluding remarks, Hon’ble Union Minister Shri Shivraj Singh Chouhan expressed confidence that if even a fraction of India’s population joins such initiatives, millions of trees can be planted across the country. He encouraged citizens to adopt the spirit of “One Plant Per Day” in their own way—daily, monthly, or on special occasions—to contribute towards a greener and more sustainable future.

Participants at the programme also took a collective pledge to promote tree plantation and environmental conservation, reinforcing the message that small individual actions can collectively create a significant impact.

# माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पूसा कृषि विज्ञान मेले में कृषि सुधारों का रोडमैप रखा

नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर–आईएआरआई), पूसा में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ करते हुए माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खेती को "विकसित कृषि–आत्मनिर्भर भारत" की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कृषि सुधारों का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित कर किसानों को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है।




कार्यक्रम की शुरुआत माननीय मंत्री द्वारा पौधारोपण कर की गई। इस अवसर पर कृषि सचिव श्री देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एम. एल. जाट तथा आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी. एच. श्रीनिवास राव सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सात किसानों को आईएआरआई कृषि अध्येता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंच पर किसानों को विशेष स्थान देते हुए मंत्री ने यह संदेश दिया कि नीति निर्माण का केंद्र किसान ही है।

किसानों के भुगतान में पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर

माननीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के भुगतान में देरी के मुद्दे पर विशेष ध्यान दिलाते हुए कहा कि किसानों का पैसा रोकने की प्रवृत्ति अब स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी एजेंसी या राज्य सरकार द्वारा किसानों के भुगतान में अनावश्यक देरी की जाती है, तो उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज देना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता समय पर किसानों तक पहुँचे, इसके लिए व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा।



कृषि तकनीक और संसाधनों की बेहतर पहुँच

कृषि यंत्रीकरण, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई, पॉलीहाउस और ग्रीनहाउस जैसी आधुनिक तकनीकों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्यों को संसाधन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने जोर दिया कि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुँचे, इसके लिए मजबूत निगरानी व्यवस्था आवश्यक है।

कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका मजबूत होगी

माननीय मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की भूमिका को और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केवीके को जिले स्तर पर कृषि सुधारों के कमांड सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जो अनुसंधान और किसानों के बीच सेतु का कार्य करेंगे। इसके माध्यम से नई कृषि तकनीकों, उन्नत किस्मों और सफल कृषि मॉडलों को गांव–गांव तक पहुँचाया जा सकेगा।

किसान क्रेडिट कार्ड और ऋण सुविधा

किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि छोटे किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से अपेक्षा की कि किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े ऋण समय पर और बिना अनावश्यक देरी के उपलब्ध कराए जाएँ।



एमएसपी और कृषि विपणन पर विचार

माननीय मंत्री ने यह भी कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिलना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदी की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित हो सके।

खाद सब्सिडी पर नई सोच

खाद सब्सिडी के संदर्भ में उन्होंने बताया कि सरकार किसानों को राहत देने के लिए उर्वरकों पर बड़ी मात्रा में सब्सिडी प्रदान कर रही है। उन्होंने इस बात पर विचार करने की आवश्यकता जताई कि भविष्य में इस सहायता को और अधिक प्रभावी तरीके से किसानों तक पहुँचाया जा सके।

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' को मिलेगा नया बल

कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री ने "विकसित कृषि संकल्प अभियान" का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत वैज्ञानिकों की टीमें गांव–गांव जाकर किसानों को नई तकनीकों, रोग–कीट प्रबंधन, उन्नत किस्मों और समेकित खेती मॉडल के बारे में जानकारी देंगी। यह अभियान आगामी कृषि सीजन से पहले फिर से चलाया जाएगा, जिससे किसानों को समय पर वैज्ञानिक मार्गदर्शन मिल सके।

समापन करते हुए माननीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पूसा कृषि विज्ञान मेला किसानों, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं का एक महत्वपूर्ण मंच है, जहाँ प्रयोगशाला में विकसित तकनीकें सीधे खेतों तक पहुँचती हैं। उन्होंने इस आयोजन को किसानों का राष्ट्रीय महाकुंभ बताते हुए इसे भविष्य में और व्यापक स्वरूप में आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## KRIBHCO Highlights -

# पूसा कृषि विज्ञान मेले में कृभको की सहभागिता

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली में 25 से 27 फरवरी, 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय पूसा कृषि विज्ञान मेले में कृभको ने अपने स्टॉल के माध्यम से सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। "विकसित कृषि – आत्मनिर्भर भारत" थीम पर आधारित इस मेले में बड़ी संख्या में किसान, वैज्ञानिक और कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ उपस्थित हुए।

कृभको के स्टॉल पर किसानों और आगंतुकों को मृदा स्वास्थ्य एवं संतुलित पोषण प्रबंधन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के समाधान, तथा उन्नत कृषि तकनीकों और आधुनिक पहल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही कृभको की किसान हितैषी सहकारी सेवाओं और टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों पर भी व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया।

मेले के दौरान कृभको के प्रबंध निदेशक श्री एस. एस. यादव ने कृभको स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) श्री सी. एस. आजाद तथा तत्कालीन संयुक्त महाप्रबंधक (विपणन एवं जनसंपर्क) डॉ. वी. के. तिवारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने मेले में लगे अन्य स्टॉलों का भी अवलोकन किया और विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद करते हुए कृषि क्षेत्र में नवाचारों तथा किसान सहभागिता को सुदृढ़ करने के प्रयासों पर विचार–विमर्श किया।

मेले के दौरान कृभको के विशेषज्ञों ने किसानों से संवाद कर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी दी। कृभको की इस सहभागिता ने किसानों को सतत, आधुनिक और लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा कृषि विकास और किसान सहभागिता को सुदृढ़ करने की दिशा में संगठन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया।









## Holi Celebrations at KRIBHCO Bhawan, Noida



The festival of colours was celebrated with great enthusiasm and warmth at KRIBHCO Bhawan, Noida, where employees gathered to mark the joyous occasion of Holi in a vibrant and festive atmosphere. Adding a unique cultural touch to the celebrations, a special Hasya Kavi Sammelan was organised, filling the evening with laughter, poetry and lively interactions.

The programme witnessed enthusiastic participation from employees and management alike, reflecting the spirit of camaraderie and togetherness that defines the KRIBHCO family. The humorous and thought-provoking recitations by participating poets created a lively environment, spreading joy and positivity among the audience.

The event was graced by Shri S. S. Yadav, Managing Director, KRIBHCO, and Shri Manish Kumar, Director (Marketing & Finance), who joined the celebrations along with members of the senior management and employees of the organization. Their presence added warmth to the occasion and encouraged a sense of collective celebration among all present.

The Hasya Kavi Sammelan not only entertained the audience but also strengthened bonds among employees, reinforcing the importance of cultural traditions and shared celebrations in the workplace. The programme concluded on a cheerful note, leaving participants with memorable moments and reaffirming the spirit of unity, joy and festive harmony at KRIBHCO.







## KRIBHCO Business Plan Meeting 2026–27 Held for Southern States



KRIBHCO convened the Business Plan Meeting 2026–27 at Ooty, Tamil Nadu, for the Southern States of Andhra Pradesh, Telangana, Karnataka, and Tamil Nadu. The meeting focused on reviewing regional agricultural priorities, evaluating performance achievements, and outlining strategic goals for the coming year.

The meeting was held in the presence of Shri Manish Kumar, Director (Finance & Marketing); Shri L.P. Goodwin, JGM (Marketing) – South Region; Dr. Pradeep Kumar, JGM (Marketing); and Dr. Tejinder Singh, JGM (Marketing). It was also attended by Shri K. Venketeswara Rao, SMM – Andhra Pradesh; Shri M. Srinivas Babu, SMM – Karnataka; Shri P. Ramkrishnainh, SMM – Telangana; and Shri A.S. Ramkumar, SMM – Tamil Nadu, along with senior officers, area managers, field officers, and state-level officials.

During the meeting, KRIBHCO honoured the top three performers from each state, recognizing their outstanding contribution and dedication towards achieving the organization's objectives.

The meeting reaffirmed KRIBHCO's commitment to region-focused planning and strengthening cooperative-led agricultural development across Southern India for the year 2026–27.








## Bhoomi Pujan for KRIBHCO State Office at Naya Raipur

KRIBHCO recently performed the Bhoomi Pujan ceremony for the construction of its State Office at Naya Raipur, Chhattisgarh, marking an important milestone in the organization's efforts to strengthen its regional presence and expand its administrative infrastructure in the state.

The upcoming office will enhance KRIBHCO's operational efficiency and facilitate better coordination with farmers, cooperatives and other stakeholders in the region. By establishing a dedicated state office in Naya Raipur, KRIBHCO aims to further streamline its activities and reinforce its support for the agricultural community.

This initiative reflects KRIBHCO's continued commitment to growth, efficiency and sustainable development, while also strengthening its outreach and service delivery in Chhattisgarh. The new facility will serve as an important hub for advancing KRIBHCO's mission of empowering farmers and promoting sustainable agricultural practices in the region.









## KRIBHCO Film Receives Global Recognition

KRIBHCO is proud to announce that its film "The Mark of Progress – United Farmers (Unnati Ki Pehchan – Ek Joot Kisan)" has received international recognition for highlighting the strength of India's cooperative movement and the collective spirit of farmers.

The film has been declared Winner at the Independent Shorts Awards – International Film Festival 2026 (Los Angeles, USA) and has also been selected as an Official Selection at the Best Shorts Competition 2026 (USA).

This achievement reflects the powerful narrative of cooperation and showcases how farmers, through unity and collective efforts, are contributing to sustainable agricultural progress and rural development.



# अप्रैल माह के प्रमुख कृषि कार्य

## गेहूं एवं जौ



अप्रैल माह में गेहूं और जौ की फसल सामान्यतः पककर तैयार हो जाती है। फसल के पूरी तरह पकने पर तुरंत कटाई कर लेनी चाहिए, क्योंकि अधिक समय तक खेत में खड़ी रहने पर कुछ प्रजातियों में दाने झड़ने लगते हैं तथा चिड़ियों और चूहों से नुकसान की संभावना भी बढ़ जाती है। सामान्यतः अनुमान लगाया गया है कि गेहूं के कुल उत्पादन का लगभग 8 प्रतिशत भाग कटाई के बाद नष्ट हो जाता है, जिसे उचित प्रबंधन से कम किया जा सकता है। जब दाने सुनहरे रंग के होकर सख्त हो जाएं और उनमें लगभग 18–20 प्रतिशत नमी रह जाए, तब कटाई उपयुक्त मानी जाती है।

भंडारण के लिए दानों को अच्छी तरह सुखाकर उनकी नमी 10–12 प्रतिशत से अधिक नहीं रहने देनी चाहिए। भंडारण से पहले कोठियों, बुखारियों या कमरों की अच्छी तरह सफाई कर लें और दीवारों व फर्श पर मैलाथियान 50 प्रतिशत घोल का छिड़काव करें। अनाज को भंडारण संरचनाओं में भरने के बाद एल्युमिनियम फॉस्फाइड की गोलियों का उपयोग कर भंडारण कक्ष को वायुरुद्ध कर देना चाहिए, जिससे कीटों से सुरक्षा मिल सके।

## चना, मटर एवं मसूर



चना, मटर और मसूर की फसल की परिपक्वता का संकेत तब मिलता है जब पौधों की पत्तियां पीली या भूरी पड़ने लगती हैं तथा फलियां सूखने लगती हैं। यदि फलियों के अंदर दाने पीले होने लगें तो यह फसल के पकने का संकेत होता है। कटाई उस समय करनी चाहिए जब दानों में नमी 15 प्रतिशत से कम हो। अधिक नमी की अवस्था में कटाई और मड़ाई करने से बीजों की गुणवत्ता तथा अंकुरण क्षमता प्रभावित हो सकती है।

कटाई के बाद फसल को 3–4 दिन धूप में सुखाकर गहाई करनी चाहिए और दानों को 4–5 दिन और सुखाने के बाद ही भंडारण करना चाहिए। सुरक्षित भंडारण के लिए दानों की नमी लगभग 10–12 प्रतिशत होनी चाहिए। लंबे समय तक भंडारण के लिए बिन्स या साइलो का उपयोग अधिक सुरक्षित माना जाता है।

## मूंगफली



ग्रीष्मकालीन मूंगफली की खेती आलू, मटर या अन्य रबी फसलों की कटाई के बाद खाली पड़े खेतों में की जा सकती है। इसके लिए दोमट बलुआ या बलुई दोमट मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है। उन्नत किस्मों में अवतार, टीजी–26, टीजी–37, डी.एच–86, कौशल और प्रकाश प्रमुख हैं। बुवाई से पहले बीजोपचार करना आवश्यक है। इसके लिए बीज को थीरम और कार्बेन्डाजिम से उपचारित किया जा सकता है तथा बाद में राइजोबियम कल्चर से उपचारित करना लाभकारी रहता है।

उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना चाहिए। खेत की तैयारी के समय सड़ी हुई गोबर की खाद मिलाना फसल की वृद्धि के लिए लाभकारी रहता है।

## सूरजमुखी



गेहूं की कटाई के बाद खाली खेतों में सूरजमुखी की बुवाई अप्रैल माह में भी की जा सकती है। बुवाई के लिए लगभग 8–10 किलोग्राम बीज प्रति हैक्टर पर्याप्त होता है। पंक्ति से पंक्ति की दूरी 45–60 सेंटीमीटर तथा पौधे से पौधे की दूरी 15–20 सेंटीमीटर रखनी चाहिए। बीज को 4–5 सेंटीमीटर गहराई पर बोना उपयुक्त रहता है।

बीजों का अंकुरण अच्छा हो इसके लिए बुवाई से पहले बीजों को कुछ समय पानी में भिगोकर छाया में सुखाने के बाद बोना चाहिए तथा बीजोपचार अवश्य करना चाहिए।

## ग्रीष्मकालीन मक्का



ग्रीष्मकालीन मक्का की खेती के लिए पीएमएच–2, पीएमएच–7, पीएमएच–8, विवेक–4, विवेक–5 तथा पूसा अर्ली हाइब्रिड जैसी उन्नत संकर प्रजातियां उपयुक्त हैं। फसल में निराई–गुड़ाई का विशेष महत्व है, जिससे खरपतवार नियंत्रण के साथ–साथ मिट्टी में वायु संचार बेहतर होता है। रासायनिक खरपतवार नियंत्रण के लिए एट्राजीन या एलाक्लोर का उपयोग किया जा सकता है।

बेबीकॉर्न की खेती भी इस मौसम में लाभकारी होती है। इसके कच्चे भुट्टों का उपयोग सब्जी, सूप, सलाद तथा अचार बनाने में किया जाता है और बाजार में इसकी अच्छी मांग रहती है। यह फसल लगभग 50–60 दिनों में तैयार हो जाती है।

## मृदा परीक्षण

रबी फसलों की कटाई के बाद किसानों को अपने खेतों से मृदा नमूने एकत्रित कर नजदीकी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजने चाहिए। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरकों और पोषक तत्वों का संतुलित प्रयोग करने से मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता मिलती है और उत्पादन में वृद्धि होती है।



# सब्जी फसलें

## भिंडी

भिंडी की उन्नत किस्मों में आजाद भिंडी–1, आजाद भिंडी–2, परभणी क्रांति, वर्षा उपहार, पूसा ए–4, पूसा ए–5, अर्का अनामिका एवं अर्का अभय प्रमुख हैं। बुवाई के लगभग 30 दिन बाद 35–40 किग्रा नाइट्रोजन की टॉप ड्रेसिंग करना लाभकारी रहता है। फसल में तना एवं फल बेधक कीट तथा पीला मोजेक रोग का प्रकोप होने पर कार्बोसल्फान या मैलाथियान का छिड़काव कर नियंत्रण किया जा सकता है।



## करेला

करेले की प्रमुख किस्मों में पूसा संकर–1, पूसा संकर–2 तथा पूसा विशेष शामिल हैं। इसकी बुवाई लगभग 5–6 किग्रा बीज प्रति हैक्टर की दर से की जाती है। खेत की अंतिम जुताई के समय सड़ी गोबर की खाद मिलाना लाभकारी होता है। फसल के लिए सामान्यतः 120 किग्रा नाइट्रोजन, 100 किग्रा फॉस्फोरस और 80 किग्रा पोटाश प्रति हैक्टर की सिफारिश की जाती है, जिसमें नाइट्रोजन की शेष मात्रा खड़ी फसल में दो बार दी जाती है।



## प्याज एवं लहसुन

माह के अंत में तैयार हो चुकी प्याज और लहसुन की फसल की खुदाई करनी चाहिए। खुदाई से लगभग 10–12 दिन पहले सिंचाई बंद कर देनी चाहिए ताकि गांठें अच्छी तरह परिपक्व हो सकें और भंडारण क्षमता बढ़ सके। खुदाई के बाद फसल को कुछ दिनों तक छाया में सुखाकर ही भंडारण करना चाहिए।



## लोबिया

लोबिया गर्म एवं अर्ध–शुष्क जलवायु की फसल है, जिसके लिए 20–30°C तापमान उपयुक्त रहता है। इसकी खेती दोमट या बलुई दोमट मिट्टी में अच्छी जल निकास के साथ की जा सकती है। उन्नत किस्मों में पूसा धारणी, पूसा फाल्गुनी, पंत लोबिया श्रृंखला, स्वर्ण हरिता, काशी कंचन तथा जीसी–6 प्रमुख हैं। उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करें तथा खेत की तैयारी के समय सड़ी गोबर की खाद मिलाना लाभकारी होता है।



## धनिया

धनिया की खेती हरी पत्तियों के लिए लगभग पूरे वर्ष की जाती है और इसके लिए दोमट मिट्टी उपयुक्त मानी जाती है। प्रमुख किस्मों में पूसा सेलेक्शन–360, पंत हरितिमा, साधना, स्वाती तथा डी.एच.–5 शामिल हैं। सामान्यतः सिंचित अवस्था में 12–15 किग्रा तथा असिंचित अवस्था में 25–30 किग्रा बीज प्रति हैक्टर की आवश्यकता होती है। बुवाई से पहले बीज उपचार तथा उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना चाहिए।



# बागवानी फसलें

## आम



अप्रैल माह में आम के बागों में पौधों की आयु के अनुसार नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश का प्रयोग करना चाहिए। गुच्छा रोग से ग्रस्त बौरों को तोड़कर नष्ट कर दें तथा फलों के गिरने से बचाव के लिए प्लेनोफिक्स या एन.ए.ए. का छिड़काव करें। मिलीबग, हॉपर आदि कीटों के नियंत्रण के लिए आवश्यकतानुसार कीटनाशक का छिड़काव करें।

## अमरूद



अप्रैल माह में अमरूद के बागों में सिंचाई नहीं करनी चाहिए तथा इस समय आने वाले फूलों को तोड़ देना चाहिए। रोग नियंत्रण के लिए बागों को साफ रखें और रोगग्रस्त डालियों को काटकर कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का छिड़काव करें।

## नींबू



नींबू के पौधों को कम्पोस्ट और यूरिया देना लाभकारी रहता है। सिल्ला, लीफ माइनर और सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिए मैलाथियान का छिड़काव करें। सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी होने पर जिंक सल्फेट या माइक्रोन्यूट्रिएंट का छिड़काव किया जा सकता है।

## आंवला



गर्मी के मौसम में आंवला के पौधों में 10–12 दिनों के अंतराल पर सिंचाई करें। प्रारंभिक वर्षों में बागों के बीच अंतरवर्ती फसलें ली जा सकती हैं तथा कीटों के नियंत्रण के लिए उचित कीटनाशक का प्रयोग करें।

## केला



केले के पौधों में लगभग 25 ग्राम नाइट्रोजन, 25 ग्राम फॉस्फोरस और 100 ग्राम पोटाश प्रति पौधा देना चाहिए। साथ ही पौधों के आसपास निकलने वाले अवांछित सकर्स को समय–समय पर हटाते रहें।

## अंगूर



अंगूर के पौधों को आयु के अनुसार नाइट्रोजन और पोटाश देना चाहिए। बड़े पौधों के लिए उर्वरकों की मात्रा बढ़ाकर देना लाभकारी रहता है।

## लीची

लीची के बागों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें और पौधों को आयु के अनुसार यूरिया दें। फल छेदक कीट के नियंत्रण के लिए डाइक्लोरोवास का छिड़काव करना लाभकारी रहता है।



# पुष्प व सुगंध वाले पौधे

## ग्लेडियोलस



कन्दों की खुदाई से लगभग 15 दिन पहले सिंचाई बंद कर दें। स्पाइक काटने के 40–45 दिन बाद कॉर्म की खुदाई कर उन्हें 0.2% मेन्कोजेब से उपचारित कर भंडारित करें।

## रजनीगंधा



फसल में लगभग एक सप्ताह के अंतराल पर सिंचाई करें तथा दो सप्ताह के अंतराल पर गुड़ाई करने से पौधों की वृद्धि अच्छी होती है।

## गेंदा



एफिड, कैटरपिलर व माइट के नियंत्रण के लिए 0.2: मेटासिस्टॉक्स या 0.2% रोगोर का छिड़काव सप्ताह के अंतराल पर करना चाहिए।

## सलाह

किसानों को सलाह दी जाती है कि वे स्थानीय कृषि–जलवायु परिस्थितियों के अनुसार इन सिफारिशों का पालन करें तथा किसी भी पौध संरक्षण उपाय को अपनाने से पहले कृषि विशेषज्ञों से परामर्श अवश्य लें।




# Promoting Sustainable Agriculture at Pusa Krishi Vigyan Mela 2026

**KRIBHCO engages with farmers and stakeholders, highlighting sustainable farming practices and cooperative services.**


**कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड**

**KRISHAK BHARATI COOPERATIVE LIMITED**

कृभको भवन, ए-10, सैक्टर-1, नोएडा - 201301, जिला गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.)

KRIBHCO Bhawan, A-10, Sector-1, NOIDA - 201301, District Gautam Budh Nagar (U.P.)


Design by www.acinet.in